अब तक 62 कंपनियों ने 5,189 करोड़ के निवेश का दिया प्रस्ताव

- व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग ने तेज की तैयारी
- मंत्री बोले ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में लक्ष्य से दोगुणा होगा निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग ने 3,000 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा था। निवेशकों ने विभाग के माध्यम से निवेश करने में भारी उत्साह दिखाया है और अभी तक 62 कंपनियों ने 5,189 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव रखा है। यह जानकारी व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने दी। बुधवार को राजधानी स्थित प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के सभागार में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विभाग को लक्ष्य से दोगुणा निवेश होने की उम्मीद है।

मंत्री ने बताया कि 33 निवेशकों के साथ 4,267 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयू भी हो चुका है। यहां टाटा समूह सहित कई बड़ी कंपनियां निवेश करेंगी। यही नहीं कंपनियों को दक्ष मानव संसाधन दिलाने का काम भी किया जाएगा। ऐसे में निवेश के साथ-साथ युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। पूर्ववर्ती सपा व बसपा सरकार में उद्यमी यूपी में निवेश करने से डरते थे, मगर जब से प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनी है उनका भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। अपराधियों पर शिकंजा कसने के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं देने पर जोर दिया जा रहा है और इसी का नतीजा है कि देश-दुनिया के उद्यमी यूपी में निवेश करने के लिए तैयार हैं।

प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि निवेशकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और विभाग पूरी ताकत के साथ अधिक से अधिक निवेश कराने पर जोर देगा।

व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल बुधवार को प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय में निवेश संबंधी जानकारी देते। साथ में प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा (दाएं) • जागरण

टाटा समूह की मदद से 150 आइटीआइ की बदलेंगे सूरत

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि 150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आइटीआइ) में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए टाटा समूह के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किया गया है। वहीं सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पीपीपी) माडल पर आइटीआइ के संचालन पर जोर दिया जा रहा है।